बजट सत्र सभी COVID-19 प्रोटोकॉल के साथ चलेगा: लोक सभा अध्यक्ष

..

प्रश्न काल, शून्य काल सत्र के दौरान चलेंगे :लोक सभा अध्यक्ष

...

सांसदों से आरटी- पीसीआर टेस्ट कराने का अनुरोध किया जाएगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

COVID टीकाकरण सरकार की नीति अनुसार होगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

एजेंसियां नियमित रूप से स्वच्छता और फूमिगशन करेंगी: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली 19 जनवरी 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, NDMC, CPWD, DRDO, ICMR, AIIMS, दिल्ली पुलिस तथा दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संसद ग्रन्थालय भवन में एक बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक आगामी बजट सत्र से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए आयोजित की गई थी। सत्र पहले चरण में 29 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 तक और दूसरे चरण में 8 मार्च 2021 से 8 अप्रैल 2021 तक चलेगा।

बैठक के दौरान, श्री बिरला को बताया गया कि सितंबर 2020 में वैश्विक महामारी के बीच आयोजित मॉनसून सत्र के दौरान विकसित की गयी सभी COVID संबंधित मानक संचालन प्रक्रियायें (SoPs) जारी रहेंगी ।

श्री बिरला को यह भी बताया गया कि सभी सदस्यों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट 27 और 28 जनवरी 2021 को संसद भवन परिसर (पीएचसी) में किए जाएंगे। पीएचसी के अलावा अन्य स्थानों पर भी परीक्षण किए जाएंगे जिनमे नॉर्थ एवेन्यू, साउथ एवेन्यू, बीडी मार्ग आदि शामिल हैं। तत्काल COVID चिकित्सा के लिए सदस्यों को आपातकालीन वार्ड आरएमएल अस्पताल में उपलब्ध किए जाएंगे।

श्री बिरला ने आगामी सत्र के दौरान पीएचसी की नियमित रूप से स्वच्छता और फूमिगशन करने के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए।

श्री बिरला ने बाद में मीडिया से बातचीत की। बातचीत के दौरान, श्री बिरला ने बताया कि सत्र के पहले चरण में लोक सभा में 12 बैठकें आयोजित की जाएंगी और सत्र के दूसरे चरण में 21 बैठकें होंगी। प्रश्नकाल, एवं शून्यकाल इस सत्र के दौरान आयोजित किया जायेंगे। श्री बिरला ने यह भी बताया कि सदन की कार्यवाही के दौरान सभी COVID दिशा निर्देश लागू रहेंगे और सत्र को सभी COVID-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित किया जाएगा। संसद सदस्यों से आरटी-पीसीआर टेस्ट कराने के लिए अनुरोध किया जाएगा।

COVID टीकाकरण के संबंध में पूछे गए सवालों के जवाब में श्री बिरला ने कहा कि टीकाकरण प्रक्रिया सरकार की नीति के अनुसार ही आगे बढ़ेगी।